**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**

**दिनांक 03.04.2024** **समय 18.30**

**00000**

- **लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर नामांकन भरने का कल आखिरी दिन–अब तक 91 उम्मीदवारों ने पर्चे भरे।**

- **राज्य सरकार ने मानव अंग प्रत्यारोपण की फर्जी एनओसी मामले में जांच के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित की।**

- **एसओजी ने फर्जी तरीके से नौकरी हासिल करने वाले ग्यारह प्रशिक्षु पुलिस उप निरीक्षकों को गिरफ्तार किया।**

- **प्रदेश के कई स्थानों पर मौसम में बदलाव–उत्तर पश्चिमी जिलों में बारिश की संभावना।**

00000

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर नामांकन भरने का कल अंतिम दिन है। इस चरण में अब तक 91 उम्मीदवारों की ओर से 143 नामांकन पत्र दाखिल किये गये हैं। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के कई प्रमुख नेताओं ने आज अपने नामांकन पत्र भरे हैं। आज भीलवाड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर सी.पी. जोशी ने नामांकन दाखिल किया। उनके समर्थन में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने नामांकन सभा को संबोधित किया। बाड़मेर से कांग्रेस के उम्मेदाराम ने भी नामांकन प्रस्तुत किया। इस दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट सहित पार्टी के अन्य नेता मौजूद रहे। टोंक–सवाईमाधोपुर से कांग्रेस के हरीश मीणा ने नामांकन प्रस्तुत किया। वहीं भाजपा के ओम बिरला ने आज कोटा से नामांकन पत्र दाखिल किया। जालोर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी लुम्बाराम चौधरी ने नामांकन दाखिल किया। पाली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पी पी चौधरी के नामांकन के मौके पर भाजपा प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर, केबिनेट मंत्री राज्यवर्द्धनसिंह राठौड़, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने जनसभा की।

चित्तौडगढ़ सीट से आज बहुजन समाज पार्टी के राधेश्याम ने नामांकन पत्र भरा। इस सीट से आज दो निर्दलियों ने भी अपने नामांकन पत्र दाखिल किये। दूसरे चरण में 5 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी तथा 8 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। 26 अप्रैल को मतदान होगा और मतगणना 4 जून को होगी। इस बीच बागीदौरा विधानसभा सीट के उप चुनाव के लिये भी नामांकन का काम जारी है। आज भारत आदिवासी पार्टी से जय कृष्ण पटेल ने बागीदौरा एसडीएम के समक्ष अपना नामांकन दाखिल कराया। नामांकन से पहले विधायक राजकुमार रोत सहित हजारों समर्थक ने बागीदौरा में रैली निकाली। इस सीट का मतदान भी 26 अप्रैल को होगा।

**00000**

भाजपा के राष्टीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने आज झालावाड से लोकसभा प्रत्याशी दुष्यंत सिंह के समर्थन में रैली की। रैली को संबोधित करते हुए श्री नड्डा ने केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गयी विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले दस साल में गांवों की तस्वीर बदल गयी है। श्री नड्डा ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उज्जवला योजना सहित कई योजना बनाई साथ ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक पास कराया। उन्होंने कहा कि भाजपा गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति को आगे बढाने पर विशेष जोर दे रही है।

.............

देश में हुए इंफ्रास्क्टचर विकास के बारे में जिक्र करते हुए उनहोंने कहा कि देश में सड़कों का जाल बिछ रहा है। राजसथान में रेल का बजट सात गुना बढ गया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों के कारण देश आत्मनिर्भर बन रहा है। इंडि गठबंधन पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि यह गठबंधन घोटालेबाजों को बचाने और परिवारवाद को आगे बढाने के उद्देश्य पर काम कर रहा है। उधर कोटा में ओम बिरला की नामांकन रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के शासन में भ्रष्टाचार की कहानी लिखी जाती थी। देश आतंकवाद से परेशान था और तुष्टिकरण के नाम पर वोट लिए जाते थे। कांग्रेस ने 7 दशक तक गरीबी हटाने के नाम पर वोट मांगा था। उन्होंने गरीबी नहीं हटाई बल्कि गरीबों को ठगने का काम किया है। कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में बाडमेर में सभा करते हुए पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा ने अपने वायदे पूरे नहीं किये, केवल प्रचार किया है।

**0000**

प्रदेश में लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिये आज भी जिलों में जागरूकता कार्यक्रम हुए। झुंझुनूं में मेरा वोट मेरी आवाज कार्यक्रम के तहत आज जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। दिव्यांगों की ओर से निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली को एडीएम रामरतन सौंकरिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जोधपुर में शीतला माता 'कागा' मेले के अवसर पर स्वीप टीम ने सेल्फी पॉइंट की स्थापना कर लोगों को वोट डालने के लिये जागरूक किया। मेले में लोगों को सी–विजिल और वोटर हैल्पलाइन एप की महत्ता बताकर

उन्हें डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया गया। सलूंबर में मतदाता जागरूकता के लिये आज निर्वाचन विभाग के निर्देशन में नृत्य नाटिका ,रंगोली सहित विभिन्न कार्यक्रम हुए। जिले के सराडा, बलुआ, सेमारी, इसरवास, नामचोत में नरेगा श्रमिको और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्वाचन आयोग की विभिन्न उपयोगी एप्स और मतदाताओं को दी जाने वाली सुविधाओं तथा वोट के महत्व से अवगत कराते हुए मतदान की शपथ दिलाई गई। बूंदी में बुजुर्गों की चौपाल लगाकर शतप्रतिशत मतदान का संदेश दिया गया। हनुमानगढ़ में 7 और 14 अप्रैल को सभी मतदान केंद्रों पर ''आओ बूथ चले अभियान'' चलाया जाएगा। जैसलमेर में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के सभी सरकारी कार्यालयों में कर्मचारियों और अधिकारियों ने सामूहिक रूप से मतदान की शपथ ली।

**0000**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जाएगा।

000

कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं ने आज भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ले ली। इनमें पूर्व सांसद, विधायक और भाजपा से बागी होकर चुनाव लड़ने वाले नेता भी शामिल हैं। प्रदेश बीजेपी मुख्यालय में राजस्थान की सह–प्रभारी विजया रहाटकर की मौजूदगी में श्रीगंगानगर से कांग्रेस के पूर्व सांसद शंकर पन्नू, पिलानी से कांग्रेस के पूर्व विधायक जेपी चंदेलिया, जेजेपी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व एमएलए नंदकिशोर महरिया ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस छोड़ भाजपा में आए शंकर पन्नू ने मीडिया से बातचीत में अशोक गहलोत पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वे जिंदगी भर कांग्रेस का निष्ठावान कार्यकर्ता रहे लेकिन कांग्रेस ने निष्ठावान कार्यकर्ताओं को चुन–चुनकर मारा है।

**0000**

राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर प्रदेश में मानव अंग प्रत्यारोपण की फर्जी एनओसी मामले और निजी अस्पताल में अंग प्रत्यारोपण प्रकरण के संबंध में जांच के लिए चिकित्सा शिक्षा आयुक्त की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय उच्च स्तरीय कमेटी गठित की है। यह समिति 15 दिन ने जांच रिपोर्ट देगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि चिकित्सा शिक्षा आयुक्त की अध्यक्षता में गठित इस उच्च स्तरीय कमेटी में रजिस्ट्रार राजस्थान मेडिकल कौंसिल, मानव अंग और उत्तक यानि टिश्यू प्रत्यारोपण के प्राधिकृत अधिकारी, वरिष्ठ विधि परामर्शी तथा विभाग के उप शासन सचिव को सदस्य और नोडल अधिकारी–एनओटीपी को सदस्य सचिव के रूप में नामित किया गया है। इसके साथ ही राज्य स्तरीय अधिप्रमाणन समिति की कार्य प्रणाली का परीक्षण कर लाइव ट्रांसप्लांट की मॉनिटरिंग के लिए एसओपी तैयार करने और एनओसी प्रक्रिया का अध्ययन कर आवश्यक सुझाव भी देगी।

**00000**

एसओजी ने फर्जी तरीके से नौकरी हासिल करने वाले ग्यारह प्रशिक्षु उप निरीक्षकों को आज गिरफ्तार कर लिया। इनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2021 में पास होने के बाद ये राजस्थान पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे थे। एसओजी ने कल 15 प्रशिक्षु उप निरीक्षकों को हिरासत में लिया था। इन प्रशिक्षु उप निरीक्षकों पर अपने स्थान पर डमी परीक्षार्थी बिठाने या पेपर आउट कर पास होने के आरोप हैं। एसओजी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वी के सिंह ने आज एक प्रेस वार्ता में बताया कि अभी बाकी संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। इससे पहले, आज सुबह एसओजी ने दौसा निवासी तृतीय श्रेणी शिक्षक रोशन लाल मीणा को गिरफ्तार कर लिया। एसओजी के अनुसार वह अब तक राज्य सरकार की 16 तथा केंद्र सरकार की चार भर्ती परीक्षाओं में शामिल हो चुका है। साथ ही उसके पांच परीक्षार्थियों के स्थान पर डमी कैंडिडेट बनकर परीक्षा देने और नौकरी लगाने की पुष्टि हो चुकी है।

0000

प्रदेश में आज कई जगह मौसम में बदलाव हुआ है। बालोतरा में आसमान में बादल छाए रहे। साथ ही तेज हवा भी चली जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। चूरू में दिनभर बादल छाए रहे जबकि आस पास के गांवों हल्की से मध्यम बारिश दर्ज हुई। मौसम विभाग ने आगामी 2–3 दिन तापमान सामान्य के आस–पास बने रहने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार आज राज्य के बीकानेर, हनुमानगढ़, गंगानगर, चूरू, सीकर, झुंझंनू, अलवर और आस–पास के इलाकों में बारिश हो सकती है। बाकी हिस्सों में मौसम शुष्क रहने की संभावना हैं।

0000

चित्तौड़गढ़ जिले में नारकोटिक्स विभाग ने आज से अफीम तोल की शुरुआत कर दी है। चित्तौड़गढ़ के दोनों खंडो में 475 से अधिक गांवों के 9 हजार 677 किसानों की अफीम की तुलाई होगी। पहले दिन दो खंडों के 361 किसानों की अफीम तोली गई। तीसरे खंड में शामिल निम्बाहेडा और बड़ी सादडी के किसानों की अफीम तुलाई निम्बाहेडा में एक निजी रिसोर्ट में की जा रही है।

0000